पूजा की थाली सजा रखी है,
मैया तेरी ज्योत जला रखी है,
मन मंदिर में छुपा रखी है,
माता तेरी ज्योत जला रखी है,
मैया तेरी ज्योत जला रखी है।।

तर्ज और इस दिल में क्या रखा है।

कराया जगराता भवानी आ जाओ,
अपने भक्तो को दरश दिखला जाओ,
अगर तुम आई तो मन ये खिल जाएंगे,
सुखी कलियाँ फिर से चमन हो जाएंगी,
मैं दीवाना हो गया मैया,
आ जाओ मेरी माँ,
आ जाओ मेरी माँ,
चंदन धुप सजा रखी है,
माता तेरी ज्योत जला रखी है,
मैया तेरी ज्योत जला रखी है।।

दीवाना तेरा हूँ तेरे दर आया हूँ,
बड़ी मुश्किल से माँ पता मैं पाया हूँ,
रहूँगा चरणों में नहीं मैं जाऊंगा,
ज़माने की ठोकर मैं खाकर आया हूँ,
बिगड़ी बना दे ओ मेरी मैया,
आ जाओ मेरी माँ,

आ जाओ मेरी माँ,
नजरे क्यूँ हमसे हटा रखी है,
माता तेरी ज्योत जला रखी है,
मैया तेरी ज्योत जला रखी है।।

पूजा की थाली सजा रखी है,
मैया तेरी ज्योत जला रखी है,
मन मंदिर में छुपा रखी है,
माता तेरी ज्योत जला रखी है,
मैया तेरी ज्योत जला रखी है।।

भजन
अविनाश मौर्य
संपर्क 9098200177

Source: https://www.bharattemples.com/puja-ki-thali-saja-rakhi-hai-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw